प्रपत्र 5

मूल वाद में डिक्री

(आदेश 20 के नियम 6 ओर 7)

न्यायालय सहायक कलक्टर फास्ट ट्रेक भादरा

(पीठासीन अधिकारी लोक अदालत / ~~केम्प कोर्ट~~)

पीठासीन अधिकारी :— **श्री राजकुमार कस्वा आर.ए.एस.**

उनवान

1. राजेन्द्र पुत्र महीपत जाति कुम्हार निवासी अनूपशहर तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान)

बनाम

1. महीपतराम पुत्र गंगाराम जाति कुम्हार निवासी अनूपशहर तहसील भादरा।
2. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व भादरा।
3. शाखा प्रबन्धक एचडीएफसी बैंक शाखा सिरसा (हरियाणा)
4. फूलाराम पुत्रगण महिपतराम कुम्हार निवासी अनूपशहर।
5. बलवंत
6. कमला
7. विद्या
8. सावित्री
9. बरजी
10. धापां

(6–10) पुत्रियां महिपतराम जाति कुम्हार निवासी अनूपशहर।

दावा बाबत :— घोषणात्मक व स्थाई निषेधाज्ञा

मुकदमा नम्बर :— 207 / 17

निर्णय दिनांक :— 21-5-18

वादी की ओर से वकील श्री विनोद सिंगाठिया व वकील प्रतिवादी सं0 1 की ओर से श्री महावीर सिंह की उपस्थिति में इस वाद में आज तारीख 21-5-18 को मुझ **राजकुमार कस्वा** सहायक कलक्टर फास्ट ट्रेक भादरा के समक्ष अन्तिम निपटारे के लिए पेश होने पर घोषणा की जाती है कि :—

ग्राम अनूपशहर के खाता सं0 280 / 268 के खसरा सं0 137 / 1 की 4.863 है0, खसरा सं0 164 की 0.266 है0 खसरा सं0 676 / 1 की 2.403 है0 कुल 7.532 है0 बारानी कृषि भूमि प्रतिवादी सं0 1 के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है में अकेले प्रतिवादी सं0 1 महीपतराम के बजाय वादी राजेन्द्र 1 / 4 हिस्सा व प्रतिवादी सं0 1 महिपतराम 1 / 4 हिस्सा, प्रतिवादी सं0 4 फुलाराम 1 / 4 हिस्सा व प्रतिवादी सं0 5 बलवन्त 1 / 4 हिस्सा के खातेदार काश्तकार है। चूंकि प्रतिवादिया सं0 6 ता 10 ने वाद कृषि भूमि में से अपना हिस्सा अपने भाईयों वादी व प्रतिवादी सं0 4, 5 व पिता प्रतिवादी सं0 1 के पक्ष में त्याग दिया है, इसलिए त्याग किये गये हिस्सा पर पंजीयन विभाग को देय पंजीयन शुल्क व स्टाम्प ड्युटी अदा करने व कृषि भूमि बैंक के रहन है, इसलिए रहन मुक्त होने के पश्चात ही उपरोक्तानुसार वादी राजेन्द्र के नाम 1 / 4 हिस्सा व प्रतिवादी सं0 1 महिपतराम के नाम 1 / 4 हिस्सा, प्रतिवादी सं0 4 फुलाराम के नाम 1 / 4 हिस्सा व प्रतिवादी सं0 5 बलवन्त के नाम 1 / 4 हिस्सा राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद किया जावे। खर्चा पक्षकारान अपना–अपना वहन करेगें।

यह निर्णय व डिक्री आज दिनांक 21-5-18 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

(मुद्रा: सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट फास्ट ट्रेक भादरा हनुमानगढ़)

पीठासीन अधिकारी

(हस्ताक्षर)

सहायक कलक्टर, फास्ट ट्रेक
भादरा (हनुमानगढ़)